## एक नजर में

### एसआईआर के नाम पर गड़बड़ी करने का आरोप, कांग्रेस ने एसडीएम के समक्ष दर्ज कराई आपत्ति



**शुजालपुर, 3 फरवरी.** एसआईआर के नाम पर फर्जी तरीके से नाम काटे जाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को शुजालपुर में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पर कांग्रेसजनों ने आपत्ति जताई तथा मतदाता सूची में हो रहे सुधार कार्य के नाम पर पक्षपात किए जाने का विरोध किया. कांग्रेसजनों ने कहा कि एसआईआर से जुडी मिस मैच की समस्या के अंतर्गत हर पोलिंग बूथ पर लगभग 150 से 200 नामों की सूची जो बीएलओ को दी गई है कि ये नाम संदिग्ध हैं, जबकि वो बरसों बरस से शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र में ही रह रहे हैं. उनको संदिग्ध बताकर उनका नाम काटने की बात की जा रही है. इसी समस्या के निराकरण के लिए मंगलवार दोपहर 3 बजे प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह एवं ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हलधर व तहसीलदार कन्हैया लाल चौहान से मुलाकात कर समस्याओं के निराकरण करने को लेकर बैठक हुई एवं ज्ञापन दिया गया. ताकि किसी का भी नाम बेवजह न काटा जाए और इस तरह किसी के भी आपत्ति लगाने पर आम जनता को परेशान न किया जाए. इस दौरान मौजूद कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची में दर्ज नामों पर आपत्ति लेने वाले लोगों के नाम भी उजागर किए जाने की भी मांग की. प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार ने कहा कि अगर किसी के भी बेवजह नाम काटे गए, तो हम फिर झूठी आपत्ति दर्ज करने वालो के खिलाफएफआईआर दर्ज करवाएंगे. जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने कहा कि हमने आपत्ति दर्ज करने वाले लोगों से जानकारी भी ली कि तुमने बेवजह आपत्ति क्यों ली है, तो आपत्ति दर्ज करने वाले लोगों द्वारा बताया गया कि हमने कोई आपत्ति नहीं ली. पता नहीं हमारा नाम आपत्ति लेने वालों में कैसे आ गया. इस तरह की धांधली की जांच करवाई जाए और किसी भी वर्ग विशेष को कागज देने और ऑफिसों के चक्कर काटने के लिए मजबूर न किया जाए. इस अवसर पर प्रदेश सह सचिव रचना जैन, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, कांग्रेस नेता अचल सिंह मेवाड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष अकोदिया महेन्द्र मेवाड़ा, अजयपालसिंह, शरीफपठान, पार्षद बल्ला सोनी, हसन रजा कुरैशी, प्रीतम राणा, शुजाउररहमान, रईस पठान,आलोक श्रीवास्तव, अजय मोर्टे सहित कई कांग्रेस नेताओ व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही.

### 1800 किलो कच्ची शराब नष्ट की



**शुजालपुर, 3 फरवरी.** अवैध शराब के विरूद्ध सतत चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को जिला शाजापुर कलेक्टर ऋ जु बाफ ना के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही शाजापुर के मार्गदर्शन में मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण के लिए वृत्त क्रमांक 1 शाजापुर अंतर्गत सलसलाई क्षेत्र में स्थित पंपापुर कंजर डेरे पर थाना सलसलाई गौलाना चौकी व आबकारी बल द्वारा सामूहिक दबिश दी गई. इस दौरान लगभग 1800 किलोग्राम लहान मौके पर मिला, जिसे अमले ने नष्ट किया. साथ ही आबकारी अधिनियम के तहत 5 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए व एक खाली तलाशी पंचनामा पंजीकृत किया. उक्त कार्यवाही में सलसलाई थाना प्रभारी जनक सिंह रावत, सहायक जिला आबकारी अधिकारी बबीता शिंदे, गुलाना चौकी प्रभारी रामदयाल बैरागी, आबकारी उप निरीक्षक सुरेश पटेल, मीनाक्षी बोरदिया, महेंद्र परमार, आबकारी आरक्षक दिनेश कौशिक, लखन सिंह सिसोदिया, राकेश जमरा, सैनिक देवकरण, बाबूलाल का विशेष योगदान रहा.

### सालिया खेड़ी में स्टेट लाइट का पोल दे रहा हादसे को न्यौता जिम्मेदार बेखबर



**सोयतकलां, 3 फरवरी.** ग्राम सालिया खेड़ी में इंदौर कोटा नेशनल हाईवे 552 जी पर बस स्टैंड पर लगी स्ट्रीट लाइट के एक पोल में विगत 15 से 20 दिनों से करंट आ रहा है जिसके चलते एक गाय को भी करंट लग गया जो बाल बाल बची. वहीं ग्रामीणों द्वारा निकलने वाली 1033 नंबर की गाड़ी वाले को भी सूचना देने के बाद भी अब तक करंट आ रहे पोल को देखने नहीं पहुंचे. ग्रामीणों में डर बना हुआ है. बता दें कि विगत दिनों पहले भी लाइट के पोल में करंट आने से एक भैंस की मौत मौके पर ही हो गई थी. समय रहते जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया तो बड़ा हादसा हो सकता है. ग्रामीण तुलसीराम विश्वकर्मा, बृजमोहन शर्मा, मोहन भिलाला द्वारा बताया गया कि हमारे घर के सामने के पल में ही करंट आ रहा है. मामले से अवगत भी कराया गया है पर अब तक तक कोई देखने के लिए नहीं आया है.

### लहसुन की आवक हुई



**सोयतकलां, 3 फरवरी.** मंगलवार को पिड़ावा रोड स्थित कृषि उपज मंडी में नये लहसुन की आवक हुई. जिसे के आर ट्रेनिंग कंपनी ने 12051 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उच्चतम बोली लगाकर खरीदा. कृषि उपज मंडी सचिव दयाराम भारती ने जानकारी देते हुए बताया निशानियां के किसान रामचंद्र द्वारा नया लहसुन नीलामी के लिए कृषि उपज मंडी में लाया गया था, जिसे 12051 के भाव से के आर ट्रेनिंग कंपनी के द्वारा खरीदा गया. इस दौरान मंडी में पूजा अर्चना के बाद किसान का सम्मान किया.

# एलएंडटी की लापरवाही से मोहन बड़ोदिया में जलसंकट

## पुरानी पाइप लाइन तोड़ने पर ग्राम पंचायत ने कलेक्टर के निर्देश पर थाने में दिया आवेदन

**मोहन बड़ोदिया, 3 फरवरी. कुंडलिया डेम परियोजना की ठेकेदार एलएंडटी कंपनी की लापरवाही से मोहन बड़ोदिया नगर में गंभीर पेयजल संकट पैदा हो गया है. वर्षों से संचालित नल-जल योजना की पुरानी पाइप लाइन को ठेकेदार द्वारा तोड़ दिए जाने के बाद ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है.**

मंगलवार को पीएचई के केएस डामोर ने जल निगम के कार्य का निरीक्षण किया. डामोर ने ठेकेदार द्वारा बताए कार्य को देखा. मंदिरपुरा, कृष्ण मंदिर मोहल्ला, जिसमें अधूरे कार्य के साथ ही नलों में पानी का कम प्रेशर की समस्या है. गत 22 जनवरी को कलेक्टर द्वारा किए गए निरीक्षण में भी जल निगम का कार्य अधूरा पाया गया तथा ग्रामीणों को पानी नहीं मिलने की स्थिति सामने आई थी. इस पर कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जब तक नल-जल योजना का कार्य पूर्ण नहीं होता, तब तक टैंकरों के माध्यम से नियमित पेयजल आपूर्ति की जाए.



### निर्देशों की अनदेखी, टीएल बैठक में फूटा गुस्सा

कलेक्टर के आदेशों के बावजूद न तो जल निगम और न ही एलएंडटी ठेकेदार द्वारा टैंकरों से पानी की आपूर्ति की गई. इस गंभीर लापरवाही पर 2 फरवरी को आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए एलएंडटी कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए.

### ग्राम पंचायत ने थाने में दिया आवेदन

कलेक्टर के आदेश के पालन में ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया के सचिव अर्जुन सिंह चौहान ने पुलिस थाना मोहन बड़ोदिया में आवेदन देकर एलएंडटी कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है. पंचायत ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार की लापरवाही से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है.

**इनका कहना है**

*गांव की पुरानी पाइप लाइन तोड़ देने से ग्रामीणों को पेयजल सप्लाई नहीं हो रही थी. कलेक्टर के निर्देश पर एलएंडटी कंपनी के विरुद्ध थाने पर आवेदन दिया गया है.*

***- अर्जुन सिंह चौहान, सचिव, ग्राम पंचायत, मोहन बड़ोदिया***

### स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 6 को

**सोयतकलां, 3 फरवरी.** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय के सहयोग से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यक्रम 6 फरवरी को शासकीय महाविद्यालय, सोयतकलां जिला आगर मालवा में प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा.इस रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी. साथ ही स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को शासकीय विभागों एवं ऋण प्रदाता संस्थाओं द्वारा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. रोजगार मेले में शामिल होने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा, डिग्री, स्नातक एवं स्नातकोत्तर निर्धारित की गई है. आवेदकों की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष होगी. जिले के ऐसे युवा जो रोजगार, स्वरोजगार अथवा प्रशिक्षण की तलाश कर रहे हैं वे इस रोजगार मेले में शामिल होकर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठा सकते हैं. अधिक जानकारी जिला रोजगार कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है.

# बेकसूरों को फंसाने वाले अब वरिष्ठ अधिकारियों को कर रहे गुमराह

## हल्ला मचने पर जांच अधिकारी बदला, मामला : 132 केव्ही से स्क्रेप बेचने का

**शुजालपुर, 3 फरवरी. सिटी मंडी रोड स्थित पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के 132 केव्ही उपकेन्द्र के प्रभारी सहायक यंत्री ने जो विद्युत कंपनी की सामग्री कबाड़ी को बेची थी और पकड़े जाने पर बेकसूरों को फंसाने के लिए षडयंत्र रचकर निर्दोष गरीब मजदूरों पर चोरी की एफआईआर दर्ज कराई, वह अपने कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है और इस मामले में विद्युत कंपनी के कुछ अधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं.**

यह आरोप चोरी के मामले में झूठे फंसाए गए मजदूरों ने मीडियाकर्मी से चर्चा के दौरान लगाए. बता दें 132 केव्ही विद्युत ग्रिड से 30 जनवरी को वरिष्ठ कार्यालय के आदेश के बिना लाखों रुपए का स्क्रेप प्रभारी द्वारा बेचा गया था, जो कि पुलिस ने पकड़ लिया, तो अपने हाथ बचाने के लिए विद्युत कंपनी के कुछ अधिकारियों ने मजदूरों व वाहन चालक पर ही चोरी का आरोप लगा दिया. इतना ही नहीं पुलिस से मिलीभगत कर 6 लोगों पर चोरी का मामला भी दर्ज करवा दिया. झूठे मामले में फंसाए गए इन मजदूरों का कहना है कि जिस क्षेत्र से वे सामग्री लेकर आए वह पर सुरक्षा गार्ड से लेकर कर्मचारी और अधिकारी मौजूद थे, यह परिसर प्रतिबंधित क्षेत्र है और केन्द्र के अंदर कैमरे भी लगे हुए हैं. स्क्रेप खरीदने वाले कबाड़ी जावेद व शकिल का कहना है कि इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, उन्हें स्क्रेप खरीदने के लिए सहायक यंत्री विजय ओझा ने 29 जनवरी को बुलाया, इसके बाद अंदर स्क्रेप को देखा, इसके अगले दिन 30 जनवरी को वे बकायदा तोल कांटा लेकर मजदूरों के साथ केन्द्र के अंदर गए, जहां पर विधिवत रजिस्ट्रर में इंट्री की गई, केन्द्र में स्क्रेप का तोल कार्य अधिकारियों के सामने हुआ. विद्युत कंपनी के अधिकारी जो सामान शिफ्टिंग करने की बात कहकर हम पर चोरी का आरोप लगा रहे हैं. यदि सामान को शिफ्टिंग करवाना था, तो तोल कार्य की आवश्यकता ही क्यों थी. एफआईआर में जिनके नाम दर्ज है, उनका कहना है कि कंपनी की सम्पत्ति को बेचने में कार्यपालन यंत्री की भी भूमिका है.




सिटी मंडी रोड स्थित पॉवर ग्रिड केन्द्र, इनसेट में केन्द्र प्रभारी विजय ओझा

### जांच अधिकारी बदला गया...

स्क्रेप घोटाले में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध प्रतित हो रही है, क्योकि पुलिस ने किसी भी प्रकार की प्रारंभिक जांच किए निर्दोष गरीब लोगों पर चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली. जिस स्थान से स्क्रेप जाना बताया गया उस स्थल पर अभी तक पुलिस पहुंची भी नहीं है. निर्दोष लोगों को गलत तरीके से चोरी का आरोपी बनाए जाने का जब मीडिया में समाचार प्रकाशित हुआ तो वरिष्ठ अधिकारी भी सजग हुए. इस मामले की जांच पहले प्रधान आरक्षक को दी गई थी, लेकिन मामले में हल्ला मचने के बाद जांच का जिम्मा उपनिरीक्षक को सौपा गया.

### फर्जी गेट पास बनाने की बात कहीं...

शासकीय सम्पत्ति को अनाधिकृत रूप से बेचे जाने के इस मामले में लगातार ऑडियो सामने आ रहे हैं. हमारी पड़ताल में एक और ऑडियो सामने आया, जिसमें सहायक यंत्री विजय ओझा अपने अधीनस्थ से चर्चा कर रहे हैं और जिसमें ओझा निर्देश दे रहे हैं कि अभी चार लेबर बुलवा रहे हैं, उन्हे शटर के अंदर कर देना, ये लेबर पेकिंग कर लेंगे और 12-1 बजे गाड़ी बुलवाकर मटेरियल तुलवा देना, जब अधीनस्थ सामान गेट पास से जाने की बात कहता है, तो सहायक यंत्री ओझा कहते हैं कि यह सामान गेट पास से थोड़ी जाएगी. साथ ही ओझा सबको देने की बात कहते हैं. जब अधीनस्थ पूर्व अधिकारियों की कार्यप्रणाली की बात बताता है, तो ओझा फर्जी गेट पास बनाने की बात कहकर अधीनस्थ को अपने पास बुलाते सुनाई दे रहे हैं.

**इनका कहना है**

*विद्युत कंपनी के स्क्रेप चोरी जाने की जो एफआईआर दर्ज हुई है, उसमें जांच का कार्य अब उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारी करेंगे. साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार विद्युत कंपनी केन्द्र व अन्य मामलों की भी जांच की जाएगी.*

***- निमेश देशमुख, एसडीओपी, शुजालपुर***

# आयकर के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर प्रकाश डाला

## पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन महाविद्यालय में केंद्रीय बजट 2026 पर व्याख्यान हुआ आयोजित

**शाजापुर, 3 फरवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन शासकीय महाविद्यालय में केंद्रीय बजट 2026 पर व्याख्यान आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर मीनू गिड़वानी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ.**

प्राचार्य प्रोफेसर मीनू गिडवानी ने अपने उदबोधन में बताया कि बजट 2026 में किए गए प्रावधानो एवं उसके तुरंत बाद भारत, अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते का सकारात्मक प्रभाव विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में होगा. कार्यक्रम का संचालन कॉमर्स क्लब के संयोजक डॉ. प्रवीण कुमार सोनी द्वारा किया गया. उन्होंने बजट से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों व हलवा सेरेमनी, बंकर परम्परा जैसी रोचक जानकारी साझा की. इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुनील आडवानी ने आयकर के महत्वपूर्ण प्रावधानो पर प्रकाश डालते हुए आयकर के विभिन्न स्त्रोतों एवं कर की गणना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की. इसी क्रम में विषय विशेषज्ञ डॉ. निलेश महाजन द्वारा बजट 2026 में रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा बजट में किए गए प्रावधानो का विस्तार से उल्लेख किया गया. कार्यक्रम में डॉ. अनिता यादव, डॉ. दिनेश निगवाल, डॉ. बीके सोलंकी, डॉ. रानी सोनी, प्रोफेसर प्रतिका परमार, प्रो.निर्मला गेहलोत, डॉ. टीएल चौहान, गोविन्द चंद्रावत, श्रीमती पूजा राठौर, डॉ. सीता बोरासी, एमवाय खान सहित समस्त स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए.



# प्रगति शून्य होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

## पशु एवं डेयरी विभाग के कार्यों की समीक्षा संपन्न

**शाजापुर, 3 फरवरी. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना की अध्यक्षता में मंगलवार को पशु एवं डेयरी विभाग के कार्यों एवं योजनाओं के वार्षिक लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई.**

कलेक्टर सुश्री बाफना ने बैठक में अधिकारियों को केसीसी डेयरी पशुपालन योजना के निर्धारित लक्ष्य 3840 प्रकरणों में केसीसी ऋण के लक्ष्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने मो. बड़ोदिया एवं शुजालपुर विकासखण्ड में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति कम होने पर विभागीय अमले को नियुक्त कर लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने पिछले माह की प्रगति शून्य होने पर नाराजगी व्यक्त की. कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक शुक्रवार को पशु एवं डेयरी विभाग के कार्यों की समीक्षा कर हितग्राहियों के प्रकरण बैंकों से समन्वय कर स्वीकृत करवाएं और स्वीकृत सभी प्रकरणों के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करवाएं. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अनुपमा चौहान, उपसंचालक पशु एवं डेयरी डॉ. प्रशांत महाडिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

**एक नजर में** — केन्द्रीय संतरा अनुसंधान केन्द्र नागपुर के सहयोग से केवीके में आयोजित हुई संगोष्ठी

# संतरा आधारित लघु उद्योग स्थापित करें, ज्यूस, कैंडी, दवाईयां, सौंदर्य प्रसाधन बनाएं

**शाजापुर, 3 फरवरी. संतरे में काली मिस्सी( काली मक्खी/सफेद मक्खी ) जो कि संतरे का प्रमुख कीट एवं संतरे का उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों प्रभावित करता है. फायटोप्थोरा बीमारी से संतरे प्रभावित होता हैं अत: समन्वित कीट एवं रोग नियंत्रण के उपाय करें. संतरा उत्पादक किसानों के समूह बनाकर संतरों से ज्यूस, कैंडी, स्कैष, मिठाईयां, दवाईयां, सौदर्य प्रसाधन एवं औषधीय उत्पाद को बढावा देना एंव संतरा आधारित लघु उद्योग स्थापित करें तो और भी बेहतर लाभ होगा.संतरे की गुणवत्ता एंव स्वाद बढ़ाने हेतु ज्यादा से ज्यादा गोबर की खाद एवं केंचुआ खाद डाले एवं पोषण प्रबंधन मिट्टी परीक्षण के आधार पर करें. यह सलाह व जानकारियां नागपुर आदि जगह से आए विशेषज्ञों द्वारा किसानों को दी गई.**

दरअसल, मंगलवार को गिरवर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर में केन्द्रीय संतरा अनुसंधान केन्द्र नागपुर के सहयोग से उन्नत कृषि पद्धितियों को अपनाने हेतु नीबूवर्गीय फल उत्पादकों के लिए क्षमता विकास विषय पर संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एनएम मेश्राम वैज्ञानिक केन्द्रीय संतरा अनुसंधान केन्द्र नागपुर के साथ डॉ. संगीता भट्टाचार्य एवं डॉ. देशराज कदम उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्र प्रमुख डॉ. जीआर अम्बावतिया ने की. कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. एसएस धाकड़, डॉ. गायत्री वर्मा, डॉ. मुकेश सिंह, रत्नेष विश्वकर्मा, डॉ. डीके तिवारी, हितेन्द्र इंदौरिया एवं निकिता नंद उपस्थित थे. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे. कार्यक्रम के आरंभ मे केन्द्र प्रमुख डॉ. जीआर अंबावतिया द्वारा अतिथियों का स्वागत के साथ ही संगोष्ठी के उददेश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला.




### जिले के संतरा बगीचों पर फैल रही काली मिस्सी पर करें नियंत्रण...

मुख्य अतिथि डॉ. एनएम मेश्राम द्वारा संतरा उत्पादन में चुनौती, अवसर पर तकनीकी एवं संतरे में रोग एवं कीट प्रबंधन पर तकनीकी जानकारी दी गई. प्रधान वैज्ञानिक डॉ. देशराज कदम द्वारा मानसून मे संतरे के बगीचा प्रबंधन एवं शाजापुर जिले में काली मिस्सी एवं गमोसिस बीमारी के बढ़ते हुए प्रकोप से नियंत्रण पर तकनीकी जानकारी दी गई. डॉ. संगीता भट्टाचार्य द्वारा संतरा बगीचा मे पुनरोद्धार प्रबंधन पर तकनीकी जानकारी दी गई. डॉ. मुकेश सिंह द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार किया गया.

### रंगपुर अथवा जबेरी लाइम के भी पौधे लगाएं

कृषकों को अच्छी गुणवत्ता की पौध खरीदने राष्ट्रीय संतरा अनुसंधान केन्द्र नागपुर से संपर्क करे एवं पौध खरीदने हेतु मार्गदर्शन प्राप्त करें. किसान भाई संतरो के बीच-बीच में कुछ पौधे रंगपुर अथवा जबेरी लाइम के भी लगाए ताकि पौधशाला हेतु मातृवृक्ष प्राप्त हो सके. अच्छी गुणवत्ता के मूलवृंत का प्रयोग किया जाए. नए बगीचों का वृक्षारोपण रेज्ड बेड पर करें साथ ही बरसात के पूर्व जल निकासी का उचित प्रबंध करें. संतरे के अच्छे उत्पादन हेतु बगीचे के पांच वर्ष के बाद अंतरवर्तीय फसल न लें. सिंचाई हेतु माइक्रोइरीगेशन जैसे ड्रिप को बढ़ावा दिया जाए. जिससे कम पानी और साथ में ड्रिप द्वारा आवष्यक उर्वरक भी दिए जा सके. जिले के अंदर पुराने व क्षय हो रहे संतरे के बगीचो का वैज्ञानिक विधि से पुनर्जीविकरण किया जाए. कार्यक्रम में बोर्डो मिश्रण का प्रयोगिक प्रदर्शन किया गया एवं प्रक्षैत्र भ्रमण के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों की समस्याओं का मौके पर निदान किया.